इन्स्टीट्यूशन ऑफ़ इन्जीनियर्स (इंडिया)

प्रेस विज्ञप्ति

श्री वी.बी. सिंह इन्स्टीट्यूशन ऑफ़ इंजीनियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए

इन्स्टीट्यूशन ऑफ़ इन्जीनियर्स (इंडिया) की गत दिवस हैदराबाद में सम्पन्न कौंसिल की बैठक में लखनऊ के श्री वी.बी. सिंह संस्था के नेशनल प्रेसीडेंट चुने गए। श्री वी.बी. सिंह के नेशनल प्रेसीडेंट चुने जाने पर पूरे उत्तर प्रदेश के अभियन्ताओं में ख़ुशी की लहर है क्योंकि 28 वर्ष बाद प्रदेश को यह गौरव मिला हैं। इन्स्टीट्यूशन ऑफ़ इन्जीनियर्स देश की सर्वोच्च तकनीकी संस्था है जिसका गठन वर्ष 1920 में हुआ था और किंग जार्ज पंचम ने वर्ष 1935 में रायल चार्टर प्रदान किया था। विभिन्न विभागों में कार्यरत पौने तीन लाख ग्रेजुएट इन्जीनियर संस्था के सदस्य हैं।

श्री वी.बी. सिंह ने आई.आई.टी., रुड़की से सिविल इन्जीनियरिंग में बी.टेक. करने के पश्चात उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन में अपनी सेवाएं प्रारम्भ की और मुख्य अभियंता पद तक की जिम्मेदारी निभाई। श्री सिंह वर्तमान में एस.एम.एस. इन्जीनियरिंग इंस्टीट्यूट में एडजंक्ट प्रोफेसर के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। साथ ही यू.पी.बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय की बिल्डिंग कमेटी के सदस्य हैं। पूर्व में वह 20 वर्षों तक रुड़की विश्वविद्यालय सीनेट एवं तीन वर्षों तक बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैलियो-साइंसेज की फाइनेंस एण्ड बिल्डिंग कमेटी के सदस्य भी रह चुके हैं। श्री वी.बी. सिंह इससे पूर्व संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं यूपी स्टेट सेन्टर के मानद सचिव व अध्यक्ष भी रह चुके है। श्री सिंह विदेशों में जैसे अमेरिका आदि में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। इस अवसर पर आल इंडिया पावर फेडरेशन के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र दुबे, यू.पी. स्टेट ब्रिज कारपोरेशन के पूर्व प्रबन्ध निदेशक श्री मसर्रत नूर खान, यू.पी. इन्जीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव श्री आशीष यादव एवं अन्य वरिष्ठ अभियन्ताओं ने श्री वी.बी. सिंह को हार्दिक बधाई दी।

विजय प्रताप सिंह

मानद सचिव

Press Release

Shri VB SINGH ELECTED NATIONAL PRESIDENT of THE INSTITUTION OF ENGINEERS

In the Council meeting of Institution of Engineers (India) held in Hyderabad last day, Shri V.B. Singh of Lucknow was elected as the National President of the Institution. There is a wave of happiness among the engineers of entire Uttar Pradesh on the election of Shri V.B. Singh as the National President because the state has got this honour after 28 years. Institution of Engineers is the highest technical institution of the country which was established in the year 1920 and was granted Royal Charter by King George V in the year 1935. Nearly three lakh graduate engineers working in various departments are members of the institution. Shri V.B. Singh started his service in Uttar Pradesh Power Corporation after doing B.Tech in Civil Engineering from IIT, Roorkee and held the responsibility till the post of Chief Engineer. Shri Singh is currently serving as Adjunct Professor in SMS Engineering Institute. He is also a member of the U.P. Board of Technical Education and the Building Committee of Baba Saheb Bhimrao Ambedkar Central University. Earlier, he was a member of the Roorkee University Senate for 20 years and the Finance and Building Committee of Birbal Sahni Institute of Paleo-Sciences for three years. Shri V.B. Singh has earlier been the National Vice President of the Institution and Honorary Secretary and President of the UP State Centre. Shri Singh has also represented India in foreign countries such as America etc. On this occasion, President of All India Power Federation Shri Shailendra Dubey, Former Managing Director of U.P. State Bridge Corporation Shri Masarrat Noor Khan, General Secretary of U.P. Engineers Association Shri Ashish Yadav and other senior engineers congratulated Shri V.B. Singh.